web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 17 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 49

# झांसी मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग, 10 बच्चों की मौत, कई घायल

**झांसी** । आरएनएस



उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार देर रात हुए हादसे में जलने से 10 बच्चों की मौत हो गई।

जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि कॉलेज के एनआईसीयू (शिशु वार्ड) में अंदर की यूनिट में रात 10.30 से 10.45 के बीच आग लगी थी। अंदर की यूनिट में ज्यादा गंभीर रूप से बीमार बच्चे थे जबकि बाहर की यूनिट में कम गंभीर रूप से बीमार बच्चे थे।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 10 बच्चों की मौत हो गई है। उस समय वार्ड में मौजूद कर्मचारियों का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। जिलाधिकारी ने कहा कि बाहर की यूनिट के सभी बच्चों को बचा लिया गया है। अंदर की यूनिट के भी कुछ बच्चों को बचाया गया है। अब तक 40 बच्चों को बचाने की सूचना है।

झांसी मंडल के कमिश्नर बिमल कुमार दुबे ने बताया कि घटना के समय वार्ड में 54-55 बच्चे भर्ती थे। घायल बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। झांसी मंडल के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड की छह गाडियां पहुंच चुकी हैं और पुलिस की टीम मौजूद है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतक बच्चों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

उन्होंने कमिश्नर और डीआईजी के नेतृत्व में जांच टीम का गठन कर 12 घंटे के भीतर रिपोर्ट तलब की है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

ब्रजेश पाठक ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, आज झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष (एसएनसीयू वार्ड) में अग्निकाण्ड की हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में कई नवजात शिशुओं की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। जिला प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को संचालित कराने के निर्देश दिए हैं। मैं स्वयं दुर्घटना स्थल पर पहुंच रहा हूं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि पुण्यात्माओं को शांति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

**सीएमएस ने बताया, एनआईसीयू वॉर्ड में लगी आग, ज्यादातर बच्चे ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे**

उत्तर प्रदेश के झांसी से दिल को दहला देने वाली घटना की खबर सामने आई है। यहां महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की मौत की पुष्टि हुई है। जबकि, 47 के करीब नवजात को बचा लिया गया है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए झांसी सीएमएस सचिन मेहर ने बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू वॉर्ड में 54 बच्चे भर्ती थे। अचानक से आग लग गई, जिसे बुझाने की कोशिश की गई। लेकिन, ज्यादातर बच्चे ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे और आग तेजी से फैल गई। घटना शाम 5.30 बजे की है।

फायर ब्रिगेड की कई गाडियां अभी भी घटनास्थल पर है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में लगे आग पर काबू पा लिया गया है। जानकारी के अनुसार इस घटना में अभी तक 40 से ज्यादा बच्चों का रेस्क्यू किया गया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस घटना की जानकारी मिलते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, जनपद झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में घटित एक दुर्घटना में हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। जिला प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को संचालित कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

इस घटना को लेकर एक्स पोस्ट में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा, जनपद झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज के शिशु वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की दुर्घटना में कई शिशुओं के निधन की सूचना अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है हादसे में घायल शिशुओं को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ? शांति:।

घटना का जानकारी मिलते ही सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। ब्रजेश पाठक ने एक्स पोस्ट में लिखा, आज झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष (एसएनसीयू वार्ड) में अग्निकाण्ड की हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में कई नवजात शिशुओं की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। जिला प्रशासन तथा संबंधित अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों को संचालित कराने के निर्देश दिए हैं। मैं स्वयं दुर्घटना स्थल पर पहुंच रहा हूं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि पुण्यात्माओं को शांति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार का कहर : कार पेड़ से टकराई, 2 युवक मरे; सगाई में आए थे 4 दोस्त

**नारनौल (आरएनएस)।** हरियाणा में महेंद्रगढ़ के नारनौल में एक तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। जिसमें 2 युवकों की मौत हो गई जबकि 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। यह युवक सगाई समारोह में हिस्सा लेने गए हुए थे। गांव गहली से गांव धरसू जाने वाली रोड पर हुए हादसे का पता चलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद चारों युवकों को कार से निकाला गया। इसमें जिंदा बचे 2 युवकों को इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात 11.30 बजे चारों एक कार में सवार होकर निकले। वह किसी काम से गांव गहली से धरसू जा रहे थे। जब वे गांव धरसू के पास पहुंचे तो कार तेज गति की वजह से बेकाबू हो गई। इसके बाद कार सीधे पेड़ से जा टकराई। स्पीड तेज होने से पेड़ से टकराने के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरु कर दी है।

### आगरा, कानपुर, लखनऊ में वारदात करने वाला ठकठक गैंग गिरफ्तार, आठ लाख के मोबाइल और कार बरामद

**आगरा (आरएनएस)।** ठकठक गैंग के तीन सदस्यों को कमला नगर पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस टीम ने आठ लाख रुपए कीमत के मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त की जाने वाली कार बरामद की है। ये गैंग कार के शीशे खटखटाकर मोबाइल और कीमती सामान की चुराकर ले जाता था। ये गैंग बेहद पेशेवर तरीके से शहर में वारदातों को अंजाम दे रहा था। 16 नवंबर को कमला नगर पुलिस को गैंग के बारे में जानकारी मिली। टीम ने अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 अभियुक्तों को वाटर वर्क्स चौराहे सर्विस रोड पर यमुना नदी पुल के नीचे जाने वाले कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से आठ लाख रुपये कीमत के करीब 11 मोबाइल फोन, एल्युमिनियम पेपर फोइल, कार (घटना में प्रयुक्त) बरामद का है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं।

### दिल्ली में गोकुलपुरी के एक पेट्रोल पंप पर अंधाधुंध फायरिंग, कर्मचारी घायल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के गोकुलपुरी थाना क्षेत्र के वजीराबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। पेट्रोल पंप के ऑफिस में करीब दो दर्जन से ज्यादा गोलियां चलाई गईं, जिससे वहां काम कर रहे पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब 10:38 बजे हुई, जब दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पेट्रोल पंप के ऑफिस केबिन के बाहर से गोलियां चलाईं और फिर घटनास्थल से फरार हो गए। गोलीबारी में घायल अंशुल राठी को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि वो कांच के टुकड़ों से घायल हो गया, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि अंशुल राठी छह साल से पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर के तौर पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि पुलिस फायरिंग करने वाले बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पेट्रोल पंप के मालिक हरीश चौधरी ने पुलिस को बताया कि यह घटना संभवत: पुरानी रंजिश के कारण हुई हो सकती है।

# भारतीय रेलवे ने लिया फैसला : ट्रेन के अंदर और पटरियों के ऊपर रील बनाई तो खैर नहीं, दर्ज होगा केस

**नई दिल्ली** । आरएनएस



रेलवे बोर्ड ने अपने सभी जोन के लिए निर्देश जारी कर कहा है कि रेल सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने पर केस दर्ज किया जाएगा। यानी अगर कोई शख्स ट्रेन में या ट्रेन की पटरियों पर रील बनाएगा तो उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

दरअसल लोग सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए रेल और रेल की पटरियों पर रील बनाते हैं। कई जगह ये भी देखा गया है कि रील बनाते-बनाते लोग चलती ट्रेन से घायल भी हुए हैं। युवाओं में खासकर यह क्रेज है कि वह रेलवे की पटरियों पर जाकर एक्शन रील बनाते हैं या फिर कुछ एक्सपेरिमेंट करते हैं, जैसेकि ट्रेन की पटरी पर पत्थर रख दिया या कोई सामान रख दिया। इस तरह की रील बनाने वाले लोग खुद के साथ-साथ रेल यात्रियों की जिंदगी भी खतरे में डालते हैं।

ऐसे में रेल पटरियों और चलती ट्रेनों में रील बनाने को लेकर सरकार सख्त रवैया अपना रही है। ऐसा करने पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने इस मामले में अपने सभी जोन को निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि अगर रील बनाने वाले सुरक्षित रेल परिचालन के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं या कोचों या रेल परिसरों में यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनते हैं तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

# भारत के जेनेरिक फार्मेसी मॉडल की दुनिया में धूम, 10 से अधिक देश अपनाने को तैयार

**नई दिल्ली** । आरएनएस




दस से अधिक देश जनता को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत के जेनेरिक फार्मेसी मॉडल को अपनाने पर विचार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

जुलाई में मॉरीशस अंतर्राष्ट्रीय जन औषधि केंद्र शुरू करने वाला पहला देश बन गया, जिससे उसे भारत के फार्मास्यूटिकल्स और मेडिकल डिवाइस ब्यूरो से लगभग 250 उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां प्राप्त करने में मदद मिली। इसमें कार्डियोवैस्कुलर एनाल्जेसिक ऑप्थाल्मिक और एंटी एलर्जिक दवाएं शामिल हैं।

नेपाल, श्रीलंका, भूटान, घाना, सूरीनाम, निकारागुआ, मोजाम्बिक, सोलोमन द्वीप और तालिबान शासित अफगानिस्तान भी जन औषधि केंद्र खोलने पर विचार कर रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि बुर्किना फासो, फिजी द्वीप समूह, तथा सेंट किट्स एवं नेविस इस योजना को लागू करने में मदद के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) एक जन कल्याणकारी योजना है जिसे नवंबर 2008 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया था। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से आम जनता को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं।

2014 में देश में केवल 80 जन औषधि केंद्र थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2024 तक देश भर में कुल 13,822 जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं।

सितंबर में इन केंद्रों ने 200 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री भी की ,जो पीएमबीजेपी के इतिहास में सबसे अधिक मासिक बिक्री है।

पिछले 10 वर्षों में केंद्रों के माध्यम से 6100 करोड़ रुपये की दवाओं की बिक्री की गई है, जिससे लोगों को अनुमानित 30,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

जन औषधि केन्द्रों पर दवाइयों, सर्जिकल उपकरणों और न्यूट्रास्युटिकल उत्पादों की कीमत ब्रांडेड दवाओं के बाजार मूल्य से कम से कम 50 प्रतिशत सस्ती है और कुछ मामलों में 80 से 90 प्रतिशत तक सस्ती है।

केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक देश भर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है।

# एलन मस्क और इसरो के बीच मेगा डील, इंडिया की सबसे एडवांस सैटेलाइट को लॉन्च करेगी स्पेएक्स

**नई दिल्ली** । आरएनएस



भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने दिग्गज उद्योगतपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ हाथ मिलाया है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खास दोस्त मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अगले सप्ताह की शुरुआत में फाल्कन 9 रॉकेट से भारत के सबसे आधुनिक संचार उपग्रह जीसैट-20 (जीसैट एन-2) को अंतरिक्ष में ले जाने का काम करेगी।

**ये है डील के पीछे का कारण**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और स्पेसएक्से बीच कई डील हुई है। त्रस्र्ञ्ज-ह्2 को अमेरिका के केप कैनावेरल से लॉन्च किया जाएगा। यह 4700 किलोग्राम का उपग्रह भारतीय रॉकेटों के लिए बहुत भारी था, इसलिए इसे विदेशी वाणिज्यिक प्रक्षेपण के लिए भेजा गया। भारत का अपना रॉकेट 'द बाहुबली' या लॉन्च व्हीकल मार्क-3 अधिकतम 4000 से 4100 किलोग्राम तक के वजन को अंतरिक्ष कक्षा में ले जा सकता था।

भारत अब तक अपने भारी उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए एरियनस्पेस पर निर्भर था, लेकिन वर्तमान में उसके पास कोई भी चालू रॉकेट नहीं है और भारत के पास एकमात्र विश्वसनीय विकल्प स्पेसएक्स के साथ जाना था। चीनी रॉकेट भारत के लिए अनुपयुक्त हैं और यूक्रेन में संघर्ष के कारण रूस वाणिज्यिक प्रक्षेपणों के लिए अपने रॉकेट पेश करने में सक्षम नहीं है।

इसरो ने 4700 किलोग्राम वजन वाले जीसैट-एन2 का निर्माण किया है, तथा इसका मिशन जीवन 14 वर्ष है। यह विशुद्ध रूप से व्यावसायिक प्रक्षेपण है, जिसका संचालन एनएसआईएल द्वारा किया जा रहा है। उपग्रह 32 उपयोगकर्ता बीम से सुसज्जित है, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र पर आठ संकीर्ण स्पॉट बीम तथा शेष भारत में 24 विस्तृत स्पॉट बीम शामिल हैं। इन 32 बीम को भारत की मुख्य भूमि में स्थित हब स्टेशनों द्वारा समर्थित किया जाएगा। यह इन-फ्लाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी को सक्षम करने में भी मदद करेगा।

**591 करोड़ का आएगा खर्च**

ऐसा अनुमान है कि भारत के संचार उपग्रह को ले जाने के लिए फाल्कन 9 रॉकेट के इस एकल समर्पित वाणिज्यिक प्रक्षेपण पर 60-70 मिलियन डॉलर (591 करोड़ 34 लाख रुपये लगभग) खर्च होंगे। यह सर्वविदित है कि डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बहुत अच्छे रिश्ते हैं और दोनों एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं। उद्यमी एलन मस्क भी दोनों के दोस्त हैं। एलन मस्क ने कई बार कहा है कि वे मोदी के प्रशंसक हैं। अब देखना ये होगा कि क्या मस्क आगे भी भारत के साथ कई और बड़ी डील करते हैं।

# तीन देशों की यात्रा पर पीएम मोदी, नाइजीरिया में 17 साल बाद किसी भारतीय पीएम का पहला दौरा

**नई दिल्ली** । आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए, जिसके दौरान वह कई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकों में शामिल होंगे।

पीएम मोदी की पांच दिवसीय यात्रा में कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर शामिल हैं। यह 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा है।

इसी के साथ पीएम मोदी 50 वर्षों में गुयाना की यात्रा पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री है।

प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह ब्राजील में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे और तीनों देशों में भारतीय प्रवासियों से बातचीत करेंगे।

यात्रा के पहले चरण में, प्रधानमंत्री मोदी नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर नाइजीरिया में दो दिन बिताएंगे।

भारत और नाइजीरिया 2007 से ही रणनीतिक साझेदार हैं, जिनके बीच आर्थिक, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग है। 200 से अधिक भारतीय कंपनियों ने नाइजीरिया में प्रमुख उद्योगों में 27 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है।

इसके बाद प्रधानमंत्री 18 नवंबर को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित 19वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो की यात्रा करेंगे।

दौरे के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन जाएंगे। गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर यह यात्रा 1968 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा है।

# बिजनौर में तेज रफ्तार कार की ऑटो से टक्कर, 7 लोगों की मौत

**बिजनौर** । आरएनएस



बिजनौर के धामपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण सडक़ हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। यह हादसा धामपुर के देहरादून नैनीताल नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार द्वारा थ्री व्हीलर को पीछे से टक्कर मारने के कारण हुआ।

हादसे में थ्री व्हीलर के चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में सभी मृतक झारखंड में शादी कर वापस अपने गांव तिबड़ी आ रहे थे। जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के 6 लोग थे और यह यह शादी विशाल नाम के युवक की थी।

ये लोग ट्रेन से मुरादाबाद आए और फिर एक थ्री व्हीलर कर अर्धरात्रि के समय गांव जा रहे थे। जब वह धामपुर नगीना मार्ग पर फायर स्टेशन के पास पहुंचे तो पीछे से क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। इन सभी 6 लोगों की उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतकों में खुर्शीद 65, उनका बेटा विशाल 25, पुत्रवधू खुशी 22 के अलावा मुमताज, रूबी और पुत्री 10 वर्षीय बुशरा भी शामिल हैं।

परिवार के 6 लोगों के अलावा थ्री व्हीलर चालक की भी इलाज के लिए बिजनौर ले जाते हुए मौत हो गई। हादसे में घायल क्रेटा सवार शेरकोट निवासी सोहेल अल्वी व अमन को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

एसपी अभिषेक झा ने दुर्घटना की जानकारी देते हुए कहा, थाना धामपुर क्षेत्र में तडक़े सुबह यह जानकारी प्राप्त हुई कि एक क्रेटा गाड़ी और एक ऑटो के बीच टक्कर हुई है। क्रेटा किसी अन्य वाहन को ओवरटेक कर रही थी और उसने अचानक अपना प्लेन चेंज किया और तेज स्पीड के साथ ऑटो को टक्कर मारी। ऑटो में सवार सात व्यक्ति थाना धामपुर क्षेत्र के ही रहने वाले हैं और मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से लौट रहे थे। उनमें से छह व्यक्तियों की उसी समय मृत्यु हो गई थी और ऑटो चालक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। लोगों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और सभी शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है और परिजनों को यथासंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# तमिलनाडु में भारी बारिश, 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

**चेन्नई** । आरएनएस

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने शनिवार (16 नवंबर) और रविवार (17 नवंबर) के लिए तमिलनाडु के 18 जिलों को भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

आरएमसी के एक बयान के अनुसार, सप्ताहांत में कन्याकुमारी थूथुकुडी तिरुनेलवेली, रामनाथपुरम, तेनकासी, विरुधुनगर, मदुरै, थेनी, डिंडीगुल, शिवगंगा, पुदुकोट्टई, तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, कुड्डालोर, विल्लुपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में भारी बारिश की आशंका है।

भारी बारिश का कारण दक्षिण तमिलनाडु और उसके आसपास के इलाकों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन है।

आने वाले दिनों में राज्य के बाकी हिस्सों में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। चेन्नई में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है, शाम और रात के समय कुछ इलाकों में मध्यम बारिश का अनुमान है।

आरएमसी ने 22 नवंबर से चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम सहित उत्तरी तटीय जिलों में भी भारी बारिश की आशंका जताई है।

इन जिलों में 22 से 28 नवंबर तक सामान्य से अधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जबकि इसी अवधि में राज्य के बाकी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर मानसून के दौरान अब तक 1 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच तमिलनाडु में 276 मिमी बारिश हुई। कोयंबटूर में सबसे अधिक 418 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य स्तर से 67 प्रतिशत अधिक है।

चेन्नई सहित 17 जिलों में अधिक बारिश हुई।

मानसून की शुरुआत के बाद से ही कई जिलों में बिजली की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

तमिलनाडु उत्पादन एवं वितरण कंपनी (टैंगेडको) ने बताया कि राज्य में दैनिक बिजली की खपत घटकर 302 मिलियन यूनिट रह गई, जबकि 1 अक्टूबर को बारिश कम होने के कारण यह 380 मिलियन यूनिट थी।

सितंबर में बिजली की खपत 400 मिलियन यूनिट प्रतिदिन से अधिक हो गई थी।

टैंगेडको के अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण एयर कंडीशनिंग की आवश्यकता कम हो गई है, जिससे आवासीय और कृषि दोनों क्षेत्रों में बिजली की खपत में उल्लेखनीय गिरावट आई है।

इस बीच राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने वायरल रोगों के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई है। चेन्नई और कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लूर जैसे आस-पास के जिलों में बुखार, इन्फ्लूएंजा और अन्य वायरल बीमारियों में वृद्धि की सूचना मिली है।

इसके अलावा, राज्य के विभिन्न हिस्सों से मलेरिया और लेप्टोस्पायरोसिस के मामले सामने आए हैं। तमिलनाडु के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से विशेष रूप से बच्चों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया है।